तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने स्कूलों में पहुंचे कलेक्टर



12 मिडिल स्कूल ग्राउंड में सजे भव्य दरबार में देर रात तक गूंजते रहे श्याम भजन



## खबर संक्षेप

### सट्टेबाज युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सट्टेबाजी में लिप्त एक युवक को महासमुंद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस को 25 फरवरी को सूचना मिली कि एक व्यक्ति पुराना माल धक्का महासमुंद में अंकों से सट्टा पट्टी लिख रहा है। मौके पर पहुंचकर पूछताछकी गई जिस पर संदेही ने अपना नाम केशव राम ध्रुव पिता मनहरण ध्रुव (26 वर्ष) वार्ड नंबर 19 बढ़ईपारा महासमुंद बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके शर्ट के जेब से एक नग डाट पेन व एक नग सट्टा पट्टी जो 1020 रुपए का लिखा गा था और नगद रकम 1380 रुपये व मोबाइल को बरामद किया गया। आरोपी के धारा 6 छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई।

### महुआ शराब बिक्री कर रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम कलमीझर रोड में मुक्तिधाम के पास शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को तेंदूकोना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कि सूचना मिली थी कि ग्राम कलमीझर रोड मुक्तिधाम के पास पलसापेड़ के नीचे एक व्यक्ति भारी मात्रा में हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब को बिक्री के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी दिलीप निर्मलकर पिता नैनसिंग निर्मलकर (32 वर्ष) घोंच के कब्जे से करीब 12 लीटर हाथ भठ्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत करीब 2400 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### शराब पिलाने की सुविधा, तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आंवराडबरी बोईरगांव कच्ची मार्ग किनारे चखना दुकान में लोगों को अवैध रुप से शराब पीने पिलाने के सुविधा उपलब्ध कराने शंकर ध्रुव पिता दुर्गा ध्रुव (35 वर्ष) संतोषी नगर भीमखोज थाना, आंवराडबरी में साहू के खेत के पास चखना ठेला में लोगों को अवैध रूप से शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने सियाराम गोंड पिता पिलऊ राम गोंड (39 वर्ष) निवासी ग्राम रामसागरपारा बीकेबाहरा तथा ग्राम आंवराडबरी में ही कलिंगा के खेत के पास चखना ठेला संचालक तुलाराम नागवंशी पिता बिसरू नागवंशी (30 वर्ष) निवासी ग्राम रामसागरपारा बीकेबाहरा के खिलाफ कार्रवाई की गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 36 सी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 392 करोड़ की ऋण वसूली, खुले में रखा है 3.59 लाख क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले में खरीफ विपणन सीजन के तहत धान खरीदी का कार्य संपन्न होने के बाद अब प्रशासन का पूरा ध्यान ऋण वसूली और धान के उठाव पर केंद्रित है। जिला नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में लिंकिंग और नकद माध्यम से करोड़ों रुपये की वसूली की जा चुकी है, वहीं रबी सीजन के लिए किसानों को खाद-बीज हेतु ऋण वितरण का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि जिले में किसानों को दिए गए अल्पकालीन कृषि ऋण की वसूली प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। अब तक लिंकिंग के माध्यम से 392 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड वसूली की गई है। यह राशि किसानों द्वारा बेचे गए धान के भुगतान से सीधे समायोजित की गई है। इसके अतिरिक्त, जिले के विभिन्न सहकारी बैंकों में किसानों ने 13 करोड़ रुपये नकद जमा कर अपना कर्ज चुकाया है। वहीं बड़ी मात्रा में धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। मौसम में हो रहे बदलाव और अचानक बारिश की संभावना ने प्रशासन और किसानों की चिंता बढ़ा दी है। यदि समय रहते इस धान का उठाव नहीं किया गया, तो बारिश में भीगने के कारण धान की गुणवत्ता खराब हो सकती है और शासन को बड़ा आर्थिक नुकसान होने की आशंका है।

## रबी सीजन के लिए खाद बीज और ऋण वितरण का कार्य जारी

### रबी सीजन के लिए 41 करोड़ का वितरण

खरीफ की फसल कटने के बाद अब किसान रबी सीजन की तैयारी में जुट गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा रबी फसलों के लिए किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। जानकारी के अनुसार, अब तक जिले में रबी सीजन हेतु 41 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया जा चुका है। इस राशि का उपयोग किसान मुख्य रूप से खाद, उन्नत बीज और खेती के अन्य उपकरणों के लिए कर रहे हैं।




### धान उठाव में देरी, बारिश का बना खतरा

एक ओर जहां वित्तीय वसूली के आंकड़े उत्साहजनक हैं, वहीं दूसरी ओर उपार्जन केंद्रों में रखे धान की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों में वर्तमान में 3, 59, 941.24 क्विंटल धान अभी भी रखा हुआ है, जिसका उठाव मिलर्स द्वारा किया जाना शेष है।

## धरना : तीन मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं ने किया आंदोलन

# आंगनबाड़ी कर्मियों ने मांगा शासकीय कर्मी का दर्जा, सुविधाओं को लेकर भी उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

तीन प्रमुख मांगों के लेकर आंगनबाड़ी

- तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने की आंदोलन की शुरुआत, 1800 आंगनबाड़ी केंद्रों में लटकते रहे ताले

कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के दो दिवसीय धरना प्रदर्शन की शुरुआत गुरुवार को शहर के लोहिया चौक में हुई। इस दौरान जिले के लगभग 1800 आंगनबाड़ी केंद्रों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा और आंगनबाड़ियों में ताले लटकते रहे। प्रदर्शन में जिले की कुल 3600 कार्यकर्ता और सहायिकाएं शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ जूझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका कल्याण संघ और संयुक्त मंच ने तीन सूत्रीय मांगों का उल्लेख करते हुए बताया कि आंगनबाड़ी कर्मियों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। वर्तमान मानदेय में संतोषजनक वृद्धि की जाए। तथा कार्यस्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का प्रावधान हो। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने बताया कि वर्तमान में, सहायिकाओं को केंद्र सरकार से 2250 रुपये और कार्यकर्ताओं को 4500 रुपये मानदेय मिलता है। राज्य सरकार का हिस्सा शामिल करने के बाद सहायिकाओं को कुल 5,000 रुपये और कार्यकर्ताओं को 10,000 रुपये मासिक भुगतान प्राप्त होता है।




### बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं होने पर निराशा

आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि 2026-27 के केंद्रीय और राज्य बजट में उनके लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं होने से प्रदेश की एक लाख से अधिक कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। उनकी मुख्य मांगें है जिसमें शिक्षा कर्मियों की तर्ज पर नीति बनाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित किया जाए। नियमित होने तक कार्यकर्ताओं को 26, 000 रुपये और सहायिकाओं को 22, 100 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाए। साथ ही मध्य प्रदेश की तरह हर साल 1, 000 रुपये की वेतन वृद्धि लागू हो। सेवानिवृत्ति या आकस्मिक मृत्यु पर एकमुश्त ग्रेच्युटी, मासिक पेंशन और समूह बीमा की सुविधा दी जाए। गंभीर बीमारी में कैशलेस चिकित्सा और पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिए सवैतनिक अवकाश मिले।

### तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने दिया समर्थन

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर इस आंदोलन का समर्थन किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मांगों को उचित ठहराते हुए कहा कि वर्तमान महंगाई के समय में यह मानदेय बहुत कम है। इस हड़ताल से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली पोषण आहार जैसी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

### 9 मार्च को विधानसभा घेराव की चेतावनी

लोहिया चौक पर जुटी महिलाओं ने हुंकार भरते हुए कहा कि यह दो दिवसीय काम बंद हड़ताल केवल एक चेतावनी है। यदि 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तक सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं करती है, तो 9 मार्च को प्रदेश भर की एक लाख कार्यकर्ता राजधानी रायपुर में जुटेंगी और विधानसभा का घेराव करेंगी।

## मारुति शोरूम से लगभग ढाई लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

- घटना के दो माह बाद कोतवाली में लिखाई रिपोर्ट

करीब दो महीने पहले मारुति शोरूम महासमुंद में हुई चोरी की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि स्पर्श आटो मोबाईल्स प्रा. लिमि. के एचआर मैनेजर रेजी बाबू ने रिपोर्ट लिखी है कि 23.11.2025 को सूचना मिली की स्पर्श आटोमोबाईल महासमुंद बेलसोंडा के कैश काउंटर से नगदी रकम 2,39,355 रुपए चोरी हो गए हैं। जब वह मौके पर पहुंचा तब पता चला कि 22 नवंबर 2025 की शाम 7 बजे टोटल कैश काउंट करके 2,39,355 रुपए को कैशियर मेस सिन्हा द्वारा रखा गया। 23.11.2025 को सुबह 10 बजे ऑफिस खोलने पर देखा गया कि काउंटर में रखी नगदी रकम 2,39,355 रुपए चोरी हो गया है। वहीं कैश केबिन में लगे सीसीटीवी का केबल निकला हुआ मिला और उस रात कंपनी का फ्रंट ऑफिस का डोर खुला हुआ था। घटना का सीसीटीवी फुटेज देखने पर ऑफिस में कैशियर मेस सिन्हा, एडवायजर पीतांबर पटेल, स्पेयर इंचार्ज टिकेश्वर चतुर्वेदी अंत तक मौजूद दिखे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ई), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# खरीदी केंद्रों से नहीं हो रहा धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्रा

धान खरीदी बंद हुए लगभग महीने बीतने को है। 16 नवंबर से धान खरीदी शुरुआत हुई थी, अब लगभग साढ़े तीन महीने होने जा रहा है, उपार्जन केंद्र में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के आधे हिस्से का उठाव नहीं हो पाया है, क्योंकि उठाव में देरी होने पर धूप से धान सूखत आना स्वभाविक है। इससे समिति प्रबधंकों की चिंता बढ़ गई है। साढ़े तीन महीने में धूप के चलते धान के प्रति कट्टे में ढाई से तीन किलो से अधिक का सूखत आने की



संभावना जताई जा रही है। जिसकी भरपाई बाद में प्रभारियों को अपनी जेब या समिति फंड से करनी होगी। धान खुले में पड़े रहने से बारिश व चूहों का खतरा मंडरा रहा है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र नर्रा के समिति प्रबंधक नाथूराम कुर्रे ने बताया कि कुल खरीदी 80 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुआ है, जिसमें उठाव मात्र 30 हजार क्विंटल हुआ है और फड़ में शेष धान 50 हजार क्विंटल पड़ा है। इसी तरह उपार्जन केंद्र परसुली प्रभारी राजेश पटेल कहना है कि 14 जनवरी के बाद उठाव के लिए एक भी गाड़ी नहीं लगा है, कुल धान खरीदी 7994.80 क्विंटल हुई है, वहीं उठाव 17325.25 क्विंटल धान की हुई है। 43669.45 क्विंटल धान बाकी है। इसी तरह देवरी सोसायटी के उप केंद्र साल्हेभाठा कुसमी में कुल खरीदी 38 हजार क्विंटल में उठाव मात्र 8 हजार क्विंटल का हुआ है। अभी भी तीस हजार क्विंटल शेष है।

महासमुंद जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| महासमुंद शहर | 5 पद | योग्यता 12वीं से स्नातक |
| सरायपाली | 3 पद | |
| पिथौरा | 2 पद | वेतन 12000/- |
| बागबाहरा | 4 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो महासमुंद, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें
9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : प्रीतम प्राईड काम्प्लेक्स, महासमुंद मो. 9981131365
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

## खल्लारी और तेंदूकोना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

# पुलिस की कार्रवाई, डीजल और शराब बरामद



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ जिले द्वारा जारी अभियान के तहत थाना खल्लारी और थाना तेंदूकोना पुलिस ने अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने ग्राम खम्हारमुढ़ा और ग्राम कौंसरा के संदिग्ध ठिकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में महुआ और देशी शराब जप्त की है। थाना खल्लारी के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम खम्हारमुढ़ा में दबिश दी। यहां से पुलिस ने आरोपी आनंद राम रावत (31 वर्ष) को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 25 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 5 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से शराब बनाने के बर्तन और अन्य सामग्री भी जप्त की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, थाना तेंदूकोना पुलिस ने भी दो अलग-अलग कार्रवाईयों में तीन आरोपियों को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों में मेन कुमार चंद्राकर (40 वर्ष), भुवनेश्वर दीवान (42 वर्ष) और दिलीप निर्मलकर (32 वर्ष) शामिल हैं। इन आरोपियों के पास से 80 नग देशी प्लेन शराब (14.400 लीटर) और 12 लीटर हाथ भट्ठी से बनी महुआ शराब जब्त की गई है।

### जब्त सामग्री का विवरण

पुलिस द्वारा की गई इस पूरी कार्रवाई में कुल मिलाकर निम्नलिखित सामग्री बरामद की गई है जिसमें 37 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 7, 400 रुपये, 80 पावा देशी प्लेन शराब कीमत 6, 400 रुपये, एक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 06 जीपी 2568, दो मोबाइल फोन कीमत लगभग 10,000 रुपये को जप्त किया हैं।

### भारी मात्रा में महुआ लाहन को किया गया नष्ट

पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले बर्तनों को भी कब्जे में लिया गया है। पकड़े गए चारों आरोपियों को आबकारी एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब और नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### अवैध डीजल बेचते पकड़ाया आरोपी, पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

पुलिस ने सांकरा क्षेत्र में अवैध रूप से डीजल बेचने और असुरक्षित तरीके से ज्वलनशील पदार्थ रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 61 वर्षीय देवानंद साव के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर में ट्रक ड्राइवरों से चोरी का डीजल खरीदकर जमा करता था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 200 लीटर डीजल और डीजल मापने के उपकरण बरामद किए, जिनकी कुल कीमत लगभग 23, 050 रुपये आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 287 और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कैशलैस चिकित्सा सुविधा के लिए फेडरेशन ने जताया सीएम का आभार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य बजट में कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए कैशलैस चिकित्सा सुविधा शामिल किए जाने पर अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय से छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारी वर्ग एवं उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक चिंता से मुक्ति मिलना एक ऐतिहासिक एवं कर्मचारी हितैषी कदम है। प्रतिनिधिमंडल में कमल वर्मा (प्रांतीय संयोजक), सुनील उपाध्याय, जय कुमार साहू, राजेश सिंघी, संतोष कुमार वर्मा, संजीत शर्मा, देवाशीष दास, लोकेश वर्मा, अमित शर्मा, सोनाली तिडके, आकाश त्रिपाठी, जगेश्वर भट्ट, दीपक सोनकर, प्रवीण सिंह एवं निशा यादव उपस्थित रहे।

### पुनर्वास की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन



**रायपुर।** सेरीखेड़ी ओवरब्रिज के नीचे 30 वर्षों से अधिक समय से रहने वाले 50 गरीब परिवारों ने पुनर्वास की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे की अगुवाई एवं पूर्व विधायक अनिता शर्मा की उपस्थिति में सेरीखेड़ी ओवरब्रिज के प्रभावित परिवार कलेक्टोरेट पहुंचे और यहां कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। पप्पू बंजारे ने बताया कि इन परिवारों को हटाने के लिए हाल ही में रेलवे प्रशासन ने नोटिस जारी किया है, जिससे सभी लोग चिंतित और परेशान है।

### 1062 से अधिक अभिलेखों का संग्रह तैयार

**रायपुर।** प्रशासनिक पारदर्शिता, शोध सुविधा एवं ऐतिहासिक अभिलेखों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रायपुर में प्रशासनिक एवं ऐतिहासिक प्रोजेक्ट दस्तावेज ग्रंथालय की स्थापना की गई है। इसके अंतर्गत अविभाजित मध्यप्रदेश काल के ऐतिहासिक नियम-कानून, अधिनियम, विधानसभा एवं विधान परिषद की कार्यवाहियों सहित अन्य महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों का सुव्यवस्थित संकलन किया जा रहा है। अब तक 1062 से अधिक पुस्तकों एवं अभिलेखों का संग्रह किया जा चुका है।

### डिप्टी कलेक्टर उपेंद्र किंडो रेडक्रॉस सोसाइटी के बने सदस्य



**रायपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर गौरव सिंह ने मंगलवार को डिप्टी कलेक्टर उपेंद्र किण्डो को रेडक्रॉस सोसाइटी की सदस्यता प्रदान की। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एक स्वतंत्र मानव समाजसेवी संस्था है, जो आपदा एवं संकट की परिस्थितियों में पीड़ितों की सहायता के लिए समर्पित है। संस्था द्वारा भूकंप, आग, बाढ़ एवं सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण तथा रक्तदान शिविरों का नियमित आयोजन किए जाते हैं। इस संस्था से जुड़ने के लिए विभिन्न श्रेणियों में सदस्यता ली जा सकती हैं, जिसमें संरक्षक सदस्य के लिए 25 हजार रुपए, उप संरक्षक सदस्य के लिए 12 हजार तथा आजीवन सदस्य के लिए एक हजार तथा वार्षिक सदस्यता के लिए 100 रुपए निर्धारित हैं। कलेक्टर ने रेडक्रॉस के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस संस्था से जुड़कर मानव सेवा में योगदान दें।

---

### चर्चा : बैठक में दो दर्जन से अधिक कार्यों को निविदा दरों की दी स्वीकृति

# शहर में विकास कार्यों के लिए कोई कमी नहीं आनी चाहिए : नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा





नगर पालिका परिषद में प्रेसिडेंट इन काउंसिल की नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल की अध्यक्षता बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा हुई और करोड़ों के विकास कार्यों के निविदा दरों स्वीकृति प्रदान की गई। नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि शहर में विकास कार्य के लिए कोई कमी नहीं आनी चाहिए। शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इसमें नागरिकों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है।

- बागबाहरा नपा में पीईसी की बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा, निविदा दरों की दी गई स्वीकृति

नगर पालिका के सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान दो दर्जन से अधिक कार्यों को निविदा दरों स्वीकृति प्रदान की गई है। वार्ड क्र 01 में पार्षद घर से लखन घर तक आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड क्र 02 व्यापारी तालाब में सामुदायिक भवन से राजकुमार पटेल घर तक सीसी रोड निर्माण, जैन इलेक्ट्रानिक से जगत राम साहू घर तक सीसी, वार्ड क्र 03 में आशा घर से कन्हैया पटेल घर तक आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड क्र 03 में जुगरू देवांगन घर से जयेश साहू के खेत तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्र 04 में कुंदकेश्वर महादेव मंदिर से लालपुर पहुंच मार्ग तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्र 05 में अशोक होटल से चौहान घर तक, राजा तांडी घर से मुख्य नाली तक, सोहन घर से सकुन घर तक, मुर्रा फैक्ट्री से मेन नाली तक, पाल बाबू घर से मेंन नाली तक आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड क्र 06 में हरिसिंह घर से बृजभान घर तक नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र 06 में डीला साहू घर से कुमार घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र 07 में बस स्टैंड से फिरोज खान घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र 08 में गौतम तांडी घर से कर्रापारा मेन रोड तक, सामुदायिक भवन से हबीब घर तक, जगजीत सलूजा घर से उषा ठाकुर घर तक एवं महेश घर से केजू घर तक आर सीसी नाली निर्माण, वार्ड क्र 09 में पानी टंकी से शंकर घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र 11 में कमलेश बघेल घर से नया चण्डी मार्ग तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र 11 में पानी टंकी के पास शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्र 12 में लोमश मिश्रा घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्र 13 में नयकिन तालाब से राजकुमार महानंद घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र 14 में राजकुमार किराना स्टोर्स से बेलो बाई यादव के घर तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्र 14 में आनंद साहू घर से अनिल अग्रवाल घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र 15 में कमल सहिस घर से दिलीप साहू घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति संबंध में विचार एवं निर्णय। आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए निकाय अंतर्गत वार्ड क्र 01 से 15 वार्डो में 01 मार्च 2026 से नया नल कनेक्शन पर प्रतिबंध लगाए जाने के संबंध निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल, उपाध्यक्ष देवेश साहू, सभापति गण शैलेश साहू, मंता यादव, मेनका साहू, मिथुन अमीर, रमेश ठाकुर, शिवा जगत, सीएमओ गिरीश चंद्रा, उपअभियंता दीपक अग्रवाल व लेखापाल चंद्र मिर्धा उपस्थित थे।

---

## तुमगांव क्षेत्र के ग्रामीण चिकित्सकों की हुई बैठक, डॉ. लक्ष्मण बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

क्षेत्रीय ग्रामीण चिकित्सकों की महत्वपूर्ण बैठक तुमगांव में हुई। जिसमें विभिन्न संगठनात्मक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, आपसी समन्वय और एकजुटता पर विशेष जोर दिया गया।

उपस्थित चिकित्सकों में संगठन के प्रति उत्साह और एकता की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सेन का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। चिकित्सकों ने उनके विचारों को गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना। सभी डॉक्टरों ने एक स्वर में कहा कि हम साथ हैं और साथ रहेंगे। अपने संबोधन में डॉ. सेन ने आश्वस्त किया कि वे हर संकट की घड़ी में चिकित्सक साथियों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। डॉ. सेन के नेतृत्व में क्षेत्रीय पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। इसमें अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण पटेल, उपाध्यक्ष डॉ. गैंदलाल पुष्पाकर, संरक्षक डॉ. शंकर शील, सचिव डॉ. लेखराम साहू, कोषाध्यक्ष डॉ. त्रिवेणी शंकर साहू, सलाहकार कृष्णकुमार सिन्हा शामिल है। सभी पदाधिकारियों को उपस्थित चिकित्सकों ने पूर्ण समर्थन प्रदान किया।

कार्यक्रम में महासमुंद से जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रवि पाटकर, डॉ. मनहरण साहू, डॉ. उपेंद्र साहू, डॉ.नरेंद्र भोई सहित क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ एवं सक्रिय चिकित्सक उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित चिकित्सक डॉ. विनोद साहू, डॉ. कुलेश्वर निषाद, डॉ. पुन्नूलाल गायकवाड़, डॉ. गोपाल साहू, डॉ. संतोष यादव, डॉ. संतोष सिन्हा, डॉ. गोपाल प्रसाद साहू, डॉ. कल्याण साहू, डॉ. भूपेंद्र कुमार साहू, डॉ. विजय निषाद, डॉ. खुदीराम गोलदार, डॉ. उमेश टंडन, डॉ. पीतांबर निषाद, डॉ. यशवंत साहू, डॉ. खिलेश्वर सेन, डॉ. बसंत कुमार, डॉ. रामेश साहू, डॉ. गिरधर साहू, डॉ. रामधान यादव, डॉ. केवल राम साहू, डॉ. हरिराम धीवर, डॉ. राकेश धीवर, डॉ. रेशम ध्रुव, डॉ. डिगेश्वर धीवर, डॉ. वीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

---

### मैदान में चारों ओर होगी जगमग

## 10 हाईमास्ट की रोशनी से जगमगाएगा रावणभाठा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर का रावणभाठा स्थित ऐतिहासिक दशहरा मैदान 10 हाईमास्ट की रोशनी से जगमग होगा। वहां रात्रिकालीन धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां नियमित रूप से की जा सकेंगी। इसके लिए नगर निगम के विद्युत विभाग द्वारा अधोसंरचना मद में नए हाई मास्ट लाइट लगाने का काम किया जाएगा।

- महापौर मीनल चौबे ने भूमिपूजन कर दी सौगात

महापौर मीनल चौबे ने बुधवार को रावणभाठा दशहरा मैदान पहुंचकर इस कार्य का भूमिपूजन किया। इस मौके पर एमआईसी सदस्य और रावणभाठा दशहरा मैदान उत्सव समिति अध्यक्ष मनोज वर्मा ने नागरिकों की ओर से महापौर मीनल चौबे के प्रति आभार वयक्त करते हुए निगम के विद्युत विभाग अध्यक्ष सुमन -अशोक पांडे के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता,जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, पार्षद अंजली गोलछा, रमेश सपहा, प्रमोद कुमार साहू, दशहरा मैदान उत्सव समिति संयोजक सुशील ओझा, पदाधिकारी राखी साहू, छबी सोनकर, अमित साहू, राहुल चौबे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

### माह खत्म होने में 3 दिन बचे

# प्रदेश में अब तक 74 प्रतिशत धारकों को ही चावल वितरण, इसमें जिला रायपुर सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण योजना के तहत चावल उत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत उचित मूल्य की दुकानों में एपीएल कार्ड धारकों को छोड़कर अन्य सभी कार्ड धारकों को दो महीने का चावल एक साथ हितग्राहियों को वितरित किया जा रहा है। चालू माह को खत्म होने में अब सिर्फ 3 दिन ही बचे हैं, लेकिन अब तक प्रदेश में 74.36 प्रतिशत कार्ड धारकों को ही चावल वितरण किया जा सका है। हालांकि चावल वितरण में 89.38 प्रतिशत के साथ रायपुर जिला प्रदेश में सबसे आगे है, वहीं धमतरी जिला 88.64 प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर है। इधर माह खत्म होने के बाद छूटे हितग्राहियों को दो माह का चावल मिल पाएगा या नहीं, इसे लेकर हितग्राही जहां चिंतित हैं, वहीं दुकान संचालकों के लिए भी यह सवाल परेशानी का कारण बना हुआ है, क्योंकि अगर वे चावल वितरित नहीं कर पाएंगे, तो उनका कमीशन भी कम बनेगा।



#### कुछ जिलों में 50 प्रतिशत चावल वितरण नहीं

प्रदेश में वैसे तो 33 जिलों में से 21 जिलों में चावल वितरण का प्रतिशत 70 प्रतिशत से अधिक है। रायपुर और धमतरी, मुंगेली, मनेंद्रनगर-चिरमिरी, कोरिया, खैरागढ़-छूईखदान, बिलासपुर, बलोदाबाजार, बालोद जैसे जिलों में 80 प्रतिशत से अधिक चावल का वितरण हो गया है, लेकिन दर्जनभर जिले ऐसे भी हैं, जहां वितरण 70 प्रतिशत से कम है। इनमें दंतेवाड़ा, बीजापुर, बस्तर, बलरामपुर,गौरेला-पेंड्रा, गोंडागांव सहित कई जिला शामिल है। इन जिलों में दंतेवाड़ा एवं सुकमा में 50 प्रतिशत से भी कम वितरण हुआ है।

#### कलेक्टर की सख्ती के बाद वितरण में आई तेजी

ट्रांसपोर्ट एजेंसियों की मनमानी और नागरिक आपूर्ति निगम के अफसरों की लापरवाही के कारण राशन दुकानों में चावल की सप्लाई नहीं हो पा रही थी। इसकी शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए विभाग के अधिकारियों को भंडारण में तेजी लाने के निर्देश दिए, साथ ही स्वयं भी राशन दुकानों का औचक निरीक्षण कर स्टॉक और वितरण की जांच कर रहे हैं।

#### अगले महीने नहीं बंटा तो हजारों हितग्राही वंचित रह जाएंगे

*छूटे हुए हितग्राहियों को अगर अगले महीने चावल वितरण नहीं हुआ तो उनका चावल लैब्स हो जाएगा। इस तरह दो माह के चावल से उन्हें वंचित होना होगा। छूटे हुए हितग्राहियों को चावल मिले। इसके लिए ईपॉस मशीन के साफ्टवेयर में बैक माह का वितरण के लिए ऑप्शन को खुला रखना होगा। यह ऑप्शन हर महीने की आखरी तारीख के बाद बंद हो जाता है।*

#### लैप्स नहीं होगा

*छूटे हुए हितग्राहियों का चावल लैप्स नहीं होगा। मार्च महीने में वे अपना चावल ले सकेंगे। इसके लिए जल्द ही अनुमति ले ली जाएगी।*

*- **फरिहा अलाम सिद्धीकी**, संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग*

#### 25 प्रतिशत को नहीं मिल पाया

*प्रदेश में 25 प्रतिशत से अधिक कार्ड धारकों को अभी तक चावल मिल नहीं पाया है। इसके लिए मार्च महीने में भी ऑप्शन खोलना होगा, ताकि छूटे हुए हितग्राहियों को चावल मिल सके।*

*- **नरेश बाफना**, अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ*

---

## छत्तीसगढ़ बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन का त्रैवार्षिक अधिवेशन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन का 5वां त्रैवार्षिक अधिवेशन राजधानी के वीआईपी रोड स्थित निजी हॉटल में हुआ। मुख्य अतिथि एआईबीईए के राष्ट्रीय महासचिव सीएच वेंकटाचलम और विशेष अतिथि के रूप में एआईबीओए के छत्तीसगढ़ प्रदेश के चेयरमैन एसके मुखर्जी शामिल हुए। स्वागत समिति के अध्यक्ष अनिल साखरकर अधिवेशन में प्रमुख रूप से शामिल हुए।

- नई कार्यकारिणी का गठन, शिरीष नलगुंडवार चेयरमैन और ओम वर्मा बने अध्यक्ष

मुख्य अतिथि सीएच वेंकटाचलम ने बैंकिंग एवं फाइनेंसियल सेक्टर पर अपना उद्बोधन दिया गया। उन्होंने अपने संबोधन में बैंक निजीकरण का विरोध करते हुए बताया कि बैंक निजीकरण को विभिन्न सरकारों द्वारा 1991 से लाया जाता रहा है और यूनियनों द्वारा इसके विरोध में पिछले 36 वर्षों में 54 हड़ताल की गई हैं और ये सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। सभा के दूसरे चरण में प्रतिनिधि सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें सीजीबीईए के महासचिव शिरीष नलगुंडवार ने महासचिव प्रतिवेदन सभा के सम्मुख प्रस्तुत किया।

---

## 12वीं कक्षा के डिजिटल मूल्यांकन के लिए मॉक ड्रिल आज, तय समय पर ऑनलाइन हाजिरी लगाएंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के सीबीएसई स्कूलों में आज 11वीं-12वीं के शिक्षकों के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम का अनिवार्य मास मॉक इवैल्यूएशन आयोजित किया जाएगा। सभी शिक्षकों को निर्धारित समय पर स्कूल से लॉगिन कर इसमें शामिल होना होगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने यह निर्णय लिया है। इस संबंध में बोर्ड ने 24 फरवरी को नोटिस जारी कर सभी संबद्ध स्कूलों के प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश दिए थे। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यह अभ्यास सत्र डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली के तहत शिक्षकों को व्यावहारिक अनुभव देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यह एक तरह से मॉक ड्रिल की तरह होगा।

सीबीएसई के अनुसार, डिजिटल इवैल्यूएशन सिस्टम के तहत लाइव प्रैक्टिस सेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, ताकि कक्षा 11 और 12 के शिक्षक इस प्रणाली से पूरी तरह परिचित हो सकें। इन सत्रों के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी शिक्षक सिस्टम में लॉग इन कर चुके हों और वास्तविक मूल्यांकन के लिए अपने लॉगिन क्रेडेंशियल सुरक्षित रखें। शिक्षकों को डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त देश-विदेश के संबद्ध स्कूलों के मूल्यांकनकर्ताओं से मिले फीडबैक के आधार पर प्लेटफॉर्म को और बेहतर बनाने की कोशिश की जाएगी।

#### रायपुर में सुबह 9:15 बजे से 9:45 बजे तक

बोर्ड के अनुसार, मास मॉक इवैल्यूएशन गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। यह अभ्यास विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग-अलग समय स्लॉट में होगा। क्षेत्रवार समय-सारिणी सीबीएसई द्वारा जारी की गई है। इसके मुताबिक, नोएडा, पटना और लखनऊ सहित रायपुर सुबह 9:15 बजे से 9:45 बजे तक के स्लॉट में यह अभ्यास होगा। सीबीएसई ने यह भी कहा है कि परीक्षा के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए परीक्षा के शुरू और समाप्ति समय को इस अभ्यास से अलग रखा गया है। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि शिक्षकों को निर्धारित समय में अपने स्कूल से ही लॉगिन करना अनिवार्य होगा। यदि घर से लॉगिन करने का प्रयास किया गया तो सिस्टम काम नहीं करेगा।

---

## निगम के नेता प्रतिपक्ष ने की भाठागांव बसस्टैंड के पास फूट ओवरब्रिज की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



महापौर मीनल चौबे द्वारा पार्षदों से नगर निगम के बजट 2026-27 के लिए सुझाव मंगाए गए हैं। इस संबंध में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने शहर हित से जुड़े विभिन्न सुझाव दिए। उन्होंने भाठागांव बस स्टैंड मार्ग में लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए फूट ओवरब्रिज का सुझाव दिया है। भाठागांव बस स्टैंड मार्ग होने के कारण मठपुरैना, कुशालपुर सहित आसपास के रहवासी इलाके के लोग इसी मार्ग से होकर आना जाना करते हैं, इनमें पैदल चलने वालों की संख्या ज्यादा है। बसों की आवाजाही होने से दुर्घटनाएं होने की संभावना ज्यादा रहती है यदि वहां एक फुट ब्रिज बना दिया जाए तो हादसों पर लगाम लगेगी।

श्री तिवारी ने राजधानी के देवेन्द्र नगर, मारवाड़ी मुक्तिधाम, महादेवघाट रायपुर सहित अन्य मुक्तिधाम में गौकाष्ठ की उपयोगिता को बढ़ावा देने और गरीबी रेखा के अंतर्गत जीवन यापन करने वालों को अंतिम संस्कार के लिए निःशुल्क गोकाष्ठ उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।

#### पार्षद रेणु-जयंत साहू ने जोरा, फुंडहर और लभांडी के सौंदर्यीकरण का दिया सुझाव

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने महापौर मीनल चौबे को पत्र लिखकर निगम बजट के लिए जोरा में 3 तालाब, लभांडी 3 तालाब और फुंडहर के 2 तालाब के गहरीकरण, पचरीकरण कर तालाब की नियमित सफाई और सौंदर्यीकरण संबंधी सुझाव दिया है। उनका कहना है कि जल संरक्षण और भूजल स्तर में सुधार की दृष्टि से यह कार्य बहुत आवश्यक है। नगर निगम सीमा में उनके वार्ड को शामिल हुए अरसा बीत गया पर विकास की रफ्तार बहुत धीमी है। प्रमुख मांगों के डामरीकरण नहीं होने और निकास नाली की समुचित व्यवस्था के लिए बजट में प्रावधान किया जाए।

---

### पीड़ित किशोर कमल विहार बस्ती का रहने वाला

# मोबाइल चोरी की आशंका पर किशोर को तालिबानी सजा, दो सिपाही सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मोबाइल चोरी की आशंका में दो पुलिस कर्मियों ने बस्ती के रहने वाले एक किशोर की इस बुरी कदर लाठी, डंडे सहित लात घूंसों से पिटाई की है कि किशोर का कूल्हा बुरी तरह से सूज गया है। घटना की जानकारी मिलते ही डीसीपी वेस्ट संदीप पटेल ने दोनों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। घटना का सोशल मीडिया में जमकर वीडियो वायरल हो रहा है। बर्बरता करने वाले दोनों पुलिस कर्मियों को लोग जमकर ट्रोल कर रहे हैं।

किशोर के साथ बर्बरता करने के आरोप में डीसीपी संदीप पटेल ने आरक्षक लक्ष्मीनरायण तथा आसमान सिंह को निलंबित किया है। इन दोनों पुलिस कर्मियों पर आरोप है कि इन लोगों ने बगैर चौकी प्रभारी की इजाजत के मोबाइल चोरी के मामले में कमल विहार बस्ती में रहने वाले किशोर को बगैर परिजनों की अनुमति पूछताछ करने के नाम पर कमल विहार चौकी ले आए। किशोर के मोबाइल चोरी करने की बात से इनकार करने पर दोनों पुलिस कर्मियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की।

#### जबरन अपराध कबूलवाने बुरी तरह से मारपीट

पीड़ित किशोर ने अपने परिजनों को बताया है कि उसने किसी का मोबाइल चोरी नहीं किया है। दोनों पुलिसकर्मी उस पर मोबाइल चोरी करने का अपराध कबूल करने दबाव बना रहे थे। अपराध कबूल नहीं करने पर दोनों पुलिसकर्मी ने उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। मारपीट से घायल किशोर अपने दोनों पैरों में ठीक से चल फिर नहीं पा रहा है। इसके

#### करीबी का मोबाइल चोरी होने पर लिया एक्शन

बताया जा रहा है, दोनों पुलिसकर्मी के किसी करीबी का मोबाइल चोरी हो गया। इस पर करीबी के कहने पर पुलिस कर्मियों ने किशोर को चौकी लाकर मारपीट की। सामान्य मोबाइल चोरी की घटना में पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय मोबाइल गुम होने एक फार्म जमा करवाकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाती है, लेकिन इस मामले में पुलिस कर्मियों ने अपने करीबी की सिर्फ आशंका पर किशोर के साथ बर्बरता की।

---

### ड्रग्स-डोडा के साथ अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** एंटी क्राइम साइबर और न्यू राजेंद्रनगर पुलिस ने संयुक्त रूप से शहीद राजीव पांडेय नगर स्थित खाली मैदान के पास एक व्यक्ति को ड्रग्स और डोडा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी विकास सिहार मूलतः ग्राम जाम्बा जिला फलौद राजस्थान का निवासी है, वर्तमान में वह काशीराम नगर रायपुर में रहता है। पुलिस ने उसके कब्जे से 8 ग्राम एमडी ड्रग्स, 531 ग्राम डोडा फल, 16 ग्राम डोडा पावडर एवं नकदी 1600 रुपए तथा आईफोन और सैमसंग कंपनी का एक-एक मोबाइल जब्त किया है। उसके विरुद्ध धारा 21बी, 15 नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने ड्रग्स राजस्थान से लाना बताया है।

## खबर संक्षेप

### नपा कर्मचारियों के लिए राशि जारी

**महासमुंद।** छग शासन के उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव द्वारा महासमुंद नगर पालिका को 8813 लाख रुपए की राशि नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के वेतन भुगतान करने के लिए जारी की गई। साथ ही शासन द्वारा चुंगीपूर्ति की तिमाही किस्त की राशि 8 लाख रुपए नगर पालिका को प्राप्त हुआ है। इस तरह कुल लगभग 96 लाख रुपए प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि 3 माह से नगर पालिका के कर्मचारियों को वेतन भुगतान नगर पालिका से नहीं होने पर जारी की गई है। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारीगण एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को तीन माह से वेतन भुगतान नहीं होने की जानकारी क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को उनके द्वारा दी गई थी। विधायक सिन्हा ने नगरीय प्रशासन मंत्री से कर्मचारियों के वेतन भुगतान करने के लिए राशि जारी करने के आग्रह पर 88 लाख की राशि इन्हीं शर्तों पर शासन द्वारा किया गया कि केवल पालिका के कर्मियों का भुगतान किया जाए। अन्य कार्यों में उपयोग वर्जित है। होली त्योहार को देखते हुए तथा पालिका की खस्ता हालत को देखकर मंत्री द्वारा इतनी बड़ी रकम 1 वर्ष में दो बार जारी की गई। 4 माह पूर्व 15 करोड़ शासन ने और वेतन भुगतान के लिए दिया था। जब कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। तब कहीं जाकर कर्मचारी वापस काम पर लौटे थे। पुनः ऐसी ही स्थिति निर्मित होने वाली थी, शासन ने फिर अभी राशि जारी कर होली त्योहार में खुशी एवं राहत कर्मचारियों को पहुंचाया है।

### बजट भविष्य निर्माण का रोडमैप है : विजय

**महासमुंद।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय साहू ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट राज्य के समग्र विकास और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है।

**समीक्षा बैठक : महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन**

# 'कुपोषण मुक्ति के लिए समन्वय के साथ कार्य करें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- उच्च जोखिम वाले गर्भवती माताओं की बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित प्रसव पर जोर

महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं, पोषण अभियान, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा वजन त्योहार की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार सहित जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर लंगेह ने बैठक में समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वजन त्योहार के दौरान प्राप्त आंकड़ों की शत-प्रतिशत सही एंट्री पोषण ट्रैकर में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य कुपोषण को जड़ से खत्म करना है। इसके लिए, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग समन्वय करते हुए उत्कृष्ट कार्य करें। सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर को प्रो-एक्टिव होकर कार्य करने प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रत्येक माह कम से कम एक बार ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक



अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। ताकि, स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय से कार्य किया जा सके। बैठक में सीडीपीओ को हर माह फॉलोअप सिस्टम विकसित कर सुपरवाइजरों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। कुपोषण की रोकथाम के लिए उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं का चिन्हांकन कर स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से उपचार सुनिश्चित करने तथा शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव पर जोर दिया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें

सुपरवाइजरों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कमजोर केंद्रों का चिन्हांकन कर जिला अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने कहा। साथ ही अधोसंरचना विकास के अंतर्गत अपूर्ण एवं जर्जर आंगनवाड़ी केंद्रों का आवश्यक सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने और व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र की सभी बेड भरी रहें, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को रिक्त बेड के आधार पर रोटेशन प्रणाली से गंभीर कुपोषित बच्चों को केंद्र तक लाने के लिए कहा गया। साथ ही पूरक पोषण आहार लक्षित हितग्राहियों को उनके सामने खिलाकर सेवन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना आदि का लाभ देने एवं पोषण ट्रैकर में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन अनिवार्य रूप से करने तथा नियमित कैंप आयोजित करने पर जोर दिया गया।

### गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन एवं नियमित जांच सुनिश्चित करने पर विशेष बल

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। वर्तमान में एएनसी रजिस्ट्रेशन की स्थिति 98.83 प्रतिशत है। इसे शत-प्रतिशत तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन एवं नियमित जांच सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन प्रथम तिमाही में अनिवार्य रूप से किया जाए। उच्च जोखिम गर्भावस्था के मामलों की शत-प्रतिशत पहचान कर समय पर इलाज, रेफरल और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, टीकाकरण में एक भी बच्चा न छूटे यह सुनिश्चित करने तथा पूर्ण टीकाकरण के बाद बच्चों को क्यूआर कोड युक्त प्रमाण पत्र देने की व्यवस्था पर चर्चा की गई। प्रमाण पत्र में बच्चे के टीकाकरण की पूरी जानकारी रहेगी। साथ ही आरसीएच 2.0 पोर्टल में सभी प्रविष्टियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### कुष्ठ उन्मूलन में समाज की सहभागिता बढ़ाएं, वृहद खोज अभियान के रूप में चलाएं

कलेक्टर ने कहा कि कुष्ठ उन्मूलन में समाज की सहभागिता बढ़ाएं। इसे अभियान के रूप में लेते हुए वृहद खोज अभियान चलाएं। कलेक्टर ने कहा कि आज दैनिक जीवन में उच्च रक्तचाप और मधुमेह सामान्य जीवन का अंग बनता जा रहा है। इसका अधिक से अधिक स्क्रीनिंग कराएं तथा प्रत्येक लोगों का चेकअप सुनिश्चित करें। चेकअप पश्चात फॉलोअप भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान कार्ड निर्माण में भी प्रगति लाएं। वहीं सिकल सेल, टीबी आदि बीमारियों का भी नियमित स्क्रीनिंग होता रहे। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण मुक्त एवं स्वस्थ जिला बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वित प्रयास करने होंगे। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्वेंद्र जटवार, सीएमएचओ डॉ. आई नागेश्वर राव, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. बसंत माहेश्वरी, महिला बाल विकास विभाग के सीडीपीओ, सुपरवाइजर तथा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक मौजूद थे।

# शहर के मिनी स्टेडियम में राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला हॉकी संघ खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद के तत्वाधान में राज्य स्तरीय चंद्रिका प्रसाद कप हॉकी प्रतियोगिता 2026 का आयोजन 28 फरवरी से 02 मार्च 2026 तक स्थानीय मिनी स्टेडियम कॉलेज रोड महासमुंद में किया जा रहा है। प्रतियोगिता दिन व रात चलेगी।

जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर एवं सचिव राजेश दीवान ने बताया कि प्रथम दिन 28 फरवरी को दोपहर 2 बजे से महासमुंद और बलौदाबाजार टीम के





बीच स्पर्धा होगी। 3 बजे स्मार्ट हॉकी व बलौदाबाजार, 430 बजे बिलासपुर व दुर्ग, 7 बजे राजनांदगांव तथा बिलासपुर के बीच मुकाबला होगी।

वहीं, 830 बजे महासमुंद व जशपुर के बीच हाकी का जबरदस्त मुकाबला होगा। 1 मार्च को दूसरे दिन रायगढ़ व जगदलपुर, 830 बजे रायपुर व कुरूद, 10 बजे रूद्राक्षम वेलफेयर राजनांदगांव व जांजगीर हॉकी टीम के बीच मुकाबला होगी। अध्यक्ष चंद्राकर ने बताया कि जिला हॉकी संघ द्वारा आयोजित 7-ए-साइड हॉकी प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और हॉकी को प्रोत्साहित करने के लिए किया जा रहा है। इस आयोजन से खेलों को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक महत्वपूर्ण मंच प्राप्त होगा।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत महासमुंद जिले ने राज्य में हासिल किया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 से 25 फरवरी तक विशेष अभियान का सफल आयोजन किया गया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के बेहतर समन्वय से निर्धारित लक्ष्य कुल 10 लाख 42 हजार 760 हितग्राहियों के विरूद्ध कुल 10 लाख 32 हजार 588 पात्र नागरिकों को एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) दवा का सेवन कराया गया, जो निर्धारित लक्ष्य का 98.92 प्रतिशत है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के आधार पर महासमुंद जिला फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने बताया कि जिले में महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 2 लाख 49 हजार 906 नागरिकों को दवा का सेवन कराया गया। इसी तरह बागबाहरा अंतर्गत 2 लाख 31 हजार 348, पिथौरा अंतर्गत 2 लाख 6 हजार 31, बसना अंतर्गत एक लाख 66 हजार 755 और सरायपाली विकासखंड अंतर्गत एक लाख 78 हजार 548 पात्र नागरिकों को दवा का वितरण एवं दवा सेवन निर्धारित समय-सारणी एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में कराया गया। कलेक्टर लंगेह ने अभियान की सफलता पर कहा कि यह उपलब्धि जिले के सभी विभागों, मैदानी अमले, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन एवं स्वयंसेवकों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास किया जाए। ताकि जिले को शीघ्र फाइलेरिया मुक्त घोषित किया जा सके। कलेक्टर लंगेह ने जिलेवासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए अभियान में सहयोग देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# समाज में लैंगिक भूमिकाओं के बदलते स्वरूप पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान एवं राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के सहयोग से 24 से 28 फरवरी 2026 तक हाइब्रिड माध्यम में राष्ट्रीय स्तर संकाय विकास कार्यक्रम "लैंगिक समावेशन 2.0: पुनर्कल्पना-शैक्षणिक नेतृत्व, अनुसंधान एवं शासन में समानता" विषय पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, शोध, नीति-निर्माण एवं प्रशासनिक नेतृत्व के क्षेत्र में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, समावेशी एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना तथा महिलाओं एवं वंचित वर्गों की निर्णय-निर्माण प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।



26 फ़रवरी 2026 को कार्यक्रम के तृतीय दिवस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में लैंगिक समानता केवल सामाजिक विषय नहीं बल्कि शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं संस्थागत विकास की अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना तथा निर्णय-निर्माण प्रक्रियाओं में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। तकनीकी सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाएं शिक्षा, प्रशासन एवं शासन के विभिन्न क्षेत्रों में नई संभावनाएं स्थापित कर रही हैं। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सत्र में डॉ. सुमा रोदनवार (प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष हिंदी यूनिवर्सिटी कॉलेज मंगलौर कर्नाटक) ने "पृष्ठ से परदे तक : समकालीन भारत में लैंगिक समावेशन का विकासमान विमर्श" विषय पर उद्बोधन प्रस्तुत किया। अपने व्याख्यान में उन्होंने साहित्य, मीडिया एवं सिनेमा के माध्यम से समाज में लैंगिक भूमिकाओं के बदलते स्वरूप पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं से आधुनिक डिजिटल एवं दृश्य माध्यमों तक लैंगिक समानता का विमर्श निरंतर विकसित हो रहा है, जिसमें मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. रोदनवार ने इस बात पर विशेष बल दिया कि शिक्षा, संचार माध्यम एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां समाज में लैंगिक संवेदनशीलता विकसित करने के प्रभावी साधन हैं। उन्होंने समकालीन भारत में महिलाओं की बदलती पहचान, प्रतिनिधित्व एवं सामाजिक भागीदारी के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता संघपुष्पा भतपहरी प्रथम सत्र न्यायाधीश जिला न्यायालय महासमुंद ने "लैंगिक सुरक्षा हेतु संस्थागत तंत्र : कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, निषेध एवं रोकथाम हेतु पोष अधिनियम (2013) एवं परिसर संरक्षण नीतियां" विषय पर महत्वपूर्ण उद्बोधन दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में पोष अधिनियम 2013 के प्रमुख प्रावधानों, कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के अधिकार, आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका तथा संस्थानों की कानूनी जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक संस्थान में लैंगिक संवेदनशील वातावरण सुनिश्चित करना अनिवार्य है तथा महिलाओं के सम्मान, गरिमा और सुरक्षा की रक्षा संस्थागत उत्तरदायित्व है। उन्होंने परिसर संरक्षण नीतियों, शिकायत निवारण प्रणाली, गोपनीयता बनाए रखने, समयबद्ध जांच प्रक्रिया एवं जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल ही वास्तविक लैंगिक समानता की आधारशिला है। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश पटेल विभागाध्यक्ष भूगोल एवं आभार प्रदर्शन डॉ स्वेतलाना नागल द्वारा किया गया।

ज्ञातव्य हो कि यह आयोजन महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. शीलभद्र कुमार, संयोजक डॉ. सरस्वती वर्मा (विभागाध्यक्ष, हिंदी) तथा समन्वयक डॉ. स्वेतलाना नागल (विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मजीव विज्ञान) के निर्देशन में आयोजन समिति के सदस्यगण ओमप्रकाश पटेल, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, अजय कुमार वास सहित प्राध्यापकगण ओंकार प्रसाद साहू, जगदीश प्रसाद खटकर, वंदना यादव, अरविंद साहू, कविता गहीर एवं खगेश्वर नवरंगे के सहयोग से हो रहा है। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याताओं, जनभागीदारी शिक्षकों एवं महाविद्यालयीन अशैक्षणिक स्टॉफ गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, डॉ. लोकनाथ तारक, डॉ. चित्रलेखा साहू, डॉ. हेमेंद्र साहू, डॉ. संजय कुमार वर्मा, दूलामणि रौतिया, प्रेरणा कॉपसे, पूजा साहू, चमन आडिले, संतराम मन्नाडे, रामकृष्ण साहू, अश्वनी कुमार लोधी, अहिल्या लहरे, मनीष बंजारे, विनोद बंजारे तथा कामीन निषाद का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# नए तालाब निर्माण के लिए मिली स्वीकृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

विकासखंड के ग्राम दारगांव में मनरेगा के तहत 16 लाख राशि से नए तालाब निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है। जिसका भूमिपूजन जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर के द्वारा किया गया। अध्यक्ष ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि दारगांव मेरा अपना गांव है, यहां के एक बुलावे पर पहुंचना मैं अपना कर्तव्य समझता हूं और वो भी तालाब निर्माण के भूमिपूजन जैसे नेक काम में सम्मिलित होना मेरा सौभाग्य है।

ग्रामीणों के लिए नया तालाब किसी वरदान से कम नहीं होता। कभी जहां गर्मियों में बूंद-बूंद पानी के लिए लोगों को मीलों पैदल चलना पड़ता था, वहीं आज यह तालाब ग्रामीणों की प्यास बुझाने के साथ-साथ खेती और आजीविका का आधार बनेगी। जहां जल संकट से जूझते भूमिगत जलस्तर लगभग 350 फीट से नीचे चला गया है, ऐसे आप सब जल संरक्षण और संचयन के उद्देश्य से नया तालाब बनाने जा रहे है, जो अब वर्षा जल को सुरक्षित रखेगा। सालभर ग्रामीणों के उपयोग के लिए जल उपलब्ध कराएगा। आसपास की भूमिगत जलस्तर बढ़ेगा। अध्यक्ष ने तकनीकी दृष्टि से हर बूंद का संरक्षण हो, इसके लिए तालाब निर्माण के दौरान तकनीकी पहलुओं का विशेष ध्यान रखने के लिए रोजगार सहायक और सरपंच को निर्देश भी दिए और कहा कि मेड़ की चौड़ाई और ऊंचाई को इस तरह माप के बनाए, जिससे वर्षा का पानी सुरक्षित रूप से जमा रहे और तालाब को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। साथ ही तालाब की गहराई को अधिक रखा जाए। ताकि, जल लंबे समय तक टिक सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस तालाब की खास बात यह भी है कि यह जंगल से लगा है जो वन्य प्राणियों को पेयजल उपलब्ध कराएगी। साथ ही नजदीक में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय भुंजिया जनजाति के लोग निवासरत है, उन्हें भी निस्तारी, मछलीपालन और खेती के लिए जल उपलब्ध हो पाएगा। इस कार्य का क्रियान्वयन पूरी तरह महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत के मार्गदर्शन में किया जाएगा, जिससे न केवल जल संरक्षण, संचयन और आजीविका संवर्धन संरक्षण होगा, बल्कि निर्माण के दौरान ग्रामीणों को रोजगार भी मिलेगा। अध्यक्ष ने इस सामूहिक कार्य की मांग व इसके लिए भूमि उपलब्ध कराने पर कहा कि आप सब ने यह साबित कर दिया है कि यदि सामूहिक प्रयास और तकनीकी समझदारी के साथ योजनाओं को क्रियान्वित किया जाए, तो किसी भी क्षेत्र में जल संकट जैसी चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है, आशा करता हूं इस तालाब की हर बूंद में समाई उम्मीद सिर्फ पानी का भंडार नहीं, बल्कि गांव की खुशहाली हरियाली और उत्पादकता का प्रतीक बने, यह तालाब परिवर्तन का साक्षी बने दारगांव को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर करें। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच उमा चंद्रहास यादव, उपसरपंच भीम सिंह ठाकुर, पंच लखन साहू, पूर्व सरपंच कौशल नेताम, शिव साहू, ओमप्रकाश निषाद, जगेश्वर ठाकुर, कृष्ण कुमार यादव, कुसु ठाकुर, कुमार ठाकुर, भूपेंद्र निषाद, एकलदेव निषाद, रोजगार सहायक मनटोरा निषाद और बहुसंख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# मोहमेला-सिरपुर बराज निर्माण के बाद संचालन का दायित्व कलेक्टर व जल संसाधन विभाग को मिले : अमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत के पूर्व सभापति

- रमन सिंह के कार्यकाल में हरदी एनीकट व समोदा-अछोला बराज निर्माण के बाद किसानों से हुआ छल
- मोहमेला-सिरपुर बराज निर्माण का मुख्य उद्देश्य किसानों को पानी देना नहीं, अडाणी पावर प्लांट रायपुर को पानी देने का है

अमर अरूण चंद्राकर ने सिरपुर-मोहमेला बराज निर्माण के लिए बजट में 690 करोड़ का प्रावधान के स्वागत करते हुए कहा कि यदि इस बराज को किसान व गरीब, मजदूर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर



बनाया जा रहा है तो इसका संपूर्ण संचालन की जिम्मेदारी महासमुंद जिला कलेक्टर व जल संसाधान विभाग को मिलना चाहिए। चूंकि इससे पूर्व रमन सरकार के कार्यकाल में इसी तरह से किसानों के लिए हरदी एनीकट का निर्माण 8 करोड़ की लागत से किया गया था। जिसमें यह कहा गया था कि महासमुंद जिले के पीढ़ी के 120 हेक्टेयर, गढ़सिवनी के 120 हेक्टेयर खेतों को सिंचाई के लिए पानी दिया जाएगा। लेकिन, उक्त एनीकट से ना ही किसानों को पानी मिला और ना ही उसका उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिए हुआ।

अमर ने कहा कि वर्तमान बजट में मोहमेला-सिरपुर बराज के लिए 690 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बराज निर्माण होने से किसानों को खरीफ व रबी सीजन में पानी देने की बात कही जा रही है। लेकिन, इसके विपरीत एक और खास मकसद सरकार छुपाने का प्रयास कर रही है, जो अडानी पावर को वाटर सप्लाई करना है। बराज निर्माण का मुख्य उद्देश्य अडानी पावर लिमिटेड रायपुर को औद्योगिक प्रयोजन के लिए जल आपूर्ति करना है। सरकार के अनुसार इस बराज से पानी देने पर अडानी कंपनी की ओर से 27 करोड़ प्रतिवर्ष सालाना राजस्व जलकर के रूप में शासन को मिलेगा।

# नपाध्यक्ष ने वार्ड 9 में बोर खनन के लिए किया भूमिपूजन

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 9 में बोर खनन होने से आसपास के निवासियों को अब राहत मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने ओवरब्रिज के नीचे वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद सूरज नायक के साथ नवीन बोर खनन कार्य के लिए विधिवत भूमिपूजन किया। नपाध्यक्ष ने कहा कि वार्डवासियों को अब पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। क्योंकि, पेयजल की समस्याओं को देखते हुए वार्ड क्रमांक 09 में बोर खनन किया गया है। शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का संकल्प लेकर पालिका कार्य कर रही है। बोर खनन के बाद स्थानीय निवासियों ने राहत की सांसे ली है। वहीं, जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए नागरिकों ने पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू का अभार जताया है। इस अवसर पर सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पार्षद मुस्ताक खान, हाफिज कुरैशी, राहुल आवड़े, वार्डवासी अनुराधा साहू, माया सुरजाल, राहना बेगम, रोशन टांडी, ललिता कुमार, रितिका टांडी, उषा दयाल, आनंदा कुजूर, लक्ष्मी आदि उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बिरकोनी स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

**बिरकोनी।** शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बिरकोनी में विदाई समारोह हुआ। जिसमें कक्षा 7वीं के छात्रों द्वारा कक्षा 8वीं के छात्रों को विदाई दी गई। इस मौके पर छात्र सजधज कर स्कूल पहुंचे और जूनियर कक्षा के छात्रों ने उनका तिलक लगाकर स्वागत किया। सीनियर छात्राओं द्वारा कनिष्ठ छात्रों को उचित मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार गीत, कविता, शुभकामनाएं प्रेषित किया। छात्रों ने सभी को भी गिफ्ट सामग्री भेंट किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक योगेश्वर गिरी गोस्वामी, द्रौपदी दीवान, शारदा जोशी, रचना साहू, धनेश्वरी प्रजापति, मेघ ध्रुव, मुकेश कुमार प्रजापति, अनंत कुमार ध्रुव आदि मौजूद रहे।

### पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**महासमुंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत छात्रों नागेंद्र खूंटे एवं उमेश कुमार चौधरी के वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोजेक्ट को छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्व विद्यालय भिलाई द्वारा कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में चयनित श्रेष्ठ 3 प्रोजेक्टों में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 25 फरवरी को विश्वविद्यालय द्वारा भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी भिलाई में आयोजित इंडस्ट्रियल मीट एवं वोकेशनल ट्रेनिंग अवार्ड समारोह में विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र एवं कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था की प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा ने हर्ष जताया है।

### निधन

#### पीलीबाई साहू



**नर्रा।** ग्राम खट्टी निवासी पीलीबाई साहू (75) का आकस्मिक निधन 25 फरवरी बुधवार को हो गया। इनकी अंतिम यात्रा में काफी संख्या में स्थानीयजन शामिल हुए। वे रुपधर, हेमसागर, डायमंड साहू की माता थीं।



# परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने स्कूलों में पहुंचे कलेक्टर

## परीक्षा केंद्रों में अनुशासन, शांति व्यवस्था, प्रश्न पत्रों की गोपनीयता तथा सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद जिले में शैक्षणिक सत्र 2025-26 अंतर्गत हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा का आयोजन छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार किया जा रहा है। जिले में इस वर्ष कुल 254 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 10वीं के 12 हजार 839 विद्यार्थी तथा 168 विद्यालयों के कक्षा 12वीं के 10 हजार 724 विद्यार्थी 115 परीक्षा केंद्रों के माध्यम से परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। कक्षा 10वीं की परीक्षा 3 मार्च से 24 मार्च 2026 तक तथा कक्षा 12वीं की परीक्षा 1 मार्च से 23 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने हाईस्कूल परीक्षा की व्यवस्था का निरीक्षण करने महासमुंद स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोनी का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों में अनुशासन, शांति व्यवस्था, पर्यवेक्षकों की उपस्थिति, प्रश्न पत्रों की गोपनीयता तथा सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण रहें।

कलेक्टर लंगेह ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोनी में लो-विजन 70 प्रतिशत दिव्यांगता से पीड़ित परीक्षार्थी आस्था पांडेय सह-लेखक केशरी निषाद के माध्यम से परीक्षा दे रही है, जिसका भी अवलोकन किया और दिव्यांग विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में बोर्ड परीक्षाओं का संचालन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं अनुशासन के साथ किया जा रहा है तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आत्मविश्वास एवं लगन के साथ परीक्षा देने का संदेश दिया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा मौजूद थे।

# मिडिल स्कूल ग्राउंड में सजे भव्य दरबार में देर रात तक गूंजते रहे श्याम भजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

फागुन माह के दौरान 24 फरवरी को झलप के मिडिल स्कूल ग्राउंड में श्री श्याम परिवार झलप द्वारा भव्य श्याम फागुन महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। शाम 7:30 बजे से प्रारंभ हुए इस संगीतमय एवं भक्तिमय कार्यक्रम में क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और बाबा श्याम के जयकारों से पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम स्थल को आकर्षक विद्युत सज्जा, रंग-बिरंगे फूलों एवं विशेष श्याम दरबार से सजाया गया था। जैसे ही भजन संध्या का शुभारंभ हुआ, भक्तिमय सुरों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। सुप्रसिद्ध भजन गायक परविंदर पलक फतेहाबाद (हरियाणा), विनय अग्रवाल, खगेश डडसेना तथा निर्मल म्यूजिकल ग्रुप दुर्ग के एक से बढ़कर एक श्याम भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। "हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा" जैसे जयकारों से पूरा मैदान गूंजता रहा। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित हो रहे इस महोत्सव ने इस बार भव्यता के नए आयाम स्थापित किए। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि फागुन माह में बाबा श्याम की आराधना का विशेष धार्मिक महत्व है। इसी आस्था को जन-जन तक पहुंचाने एवं समाज में धार्मिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से इस महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं अन्य व्यवस्थाएं भी की गई थीं। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा वर्ग उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्था सराहनीय रही। इस श्याम फागुन महोत्सव ने न केवल धार्मिक आस्था को और मजबूत किया, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश भी दिया। आयोजन की सफलता पर श्याम परिवार झलप के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# टीबी मुक्त सत्यापन समिति की हुई बैठक

**महासमुंद।** जिले को टीबी से मुक्त करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में टीबी मुक्त पंचायत सत्यापन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने की। इस अवसर पर जिले में टीबी उन्मूलन को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। राव ने कहा कि टीबी को पूरी तरह खत्म करने के लिए गांव स्तर पर समय पर जांच और पूरा इलाज जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ काम करेंगे तभी हर पंचायत टीबी मुक्त होगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे ने बताया कि वर्तमान में जिला महासमुंद की 305 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं। शेष पंचायतों को भी टीबी मुक्त बनाने के लिए सभी विभागों के संयुक्त प्रयास से मुक्त करने की योजना बनाई जा रही हैं। बैठक में सी बी नॉट टेस्ट एवं टीबी के संदेह वाले मरीजों की समय पर पहचान, एक्स-रे जांच और इलाज जल्द शुरू करने पर चर्चा की गई। साथ ही जिले में जल्द शुरू होने वाले 100 दिन के टीबी अभियान की जानकारी दी गई। बैठक में डॉ. एचबी कलिकोटी अध्यक्ष आईएमए महासमुंद, डॉ. हरजोत सिंह गुरुदत्ता सचिव आईएमए, डॉ. आशीष बघेल मेडिकल कॉलेज कम्युनिटी मेडिसिन, डॉ. छत्रपाल चंद्राकर नर्सिंग होम एक्ट नोडल अधिकारी आदि उपस्थित थे।







